रजिस्ट्री सं० डी- 222

REGISTERED NO. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 11] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 13, 1965 (फाल्गुन 22, 1886)
No. 11] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 13, 1965 (PHALGUNA 22, 1886)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

नोटिस
NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 27 फरवरी, 1965 तक प्रकाशित किए गए थे :—
The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 27th February, 1965 :—

अंक Issue No.	संख्या और तारीख No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
16.	No. 9-ITC (PN)/65, dated 23rd Feb., 1965	Ministry of Commerce	Utilisation of import licence for radio components for the import of transistor radio components during April 1964-March 1965.
	No. 10-ITC(PN)/65, dated 23rd Feb., 1965	Do.	Import of (*i*) Fruits all sorts, excluding coconuts and cashewnuts and Dates, (*ii*) Asafoetida (*iii*) Commiseeds and (*iv*) Medicinal herbs from Afghanistan during 1965-66 Trade Arrangement period.
	No. 11-ITC(PN)/65, dated 23rd Feb. 1965	Do.	Do.
	No. 12-ITC(PN)/65, dated 23rd Feb., 1965	Do.	Import of Hides and Skins, raw or salted from Afghanistan during 1965-1966 Indo-Afghan Trade Arrangement period.
17.	No. 13-ITC(PN)/65, dated 24th Feb., 1965	Do.	Division of work relating to Indo-Afghan Trade Arrangement between the I.T.C. Offices at Delhi and Amritsar.
18.	No. 14-ITC(PN)/65, dated 25th Feb., 1965	Do.	Import of cotton seed oil and/or Soybean oil from U.S.A. under Agricultural Commodities Agreements.
19.	No. F-4(2)-W&M/65, dated 27th Feb., 1965	Ministry of Finance	Issue of 7% Gold Bonds 1980.

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांगपत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तारीख से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on Indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची
CONTENTS

	पृष्ठ Pages
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	105
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं	203
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं	133
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें	—

	पृष्ठ Pages
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाये और जारी किये गये साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) ..	415
भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाये और जारी किये गये आदेश और अधिसूचनाएं	873
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	71
भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संलग्न तथा अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	155
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिसें ..	83
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं ..	19
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमे अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं ..	2343
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें ..	51
पूरक सं० 11—	
6 मार्च, 1965 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट	339
13 फरवरी, 1965 को समाप्त होनेवाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म, तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु से संबंधित आंकड़े ..	351

	Pages
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations and Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	105
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc., of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	203
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions, issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc., of Officers issued by the Ministry of Defence	133
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories ..	415
PART II—SECTION 3.—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issed by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories	873
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	71
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	155
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	83
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	19
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2343
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	51
SUPPLEMENT No. 11—	
Weekly Epidemiological Reports for week-ending 6th March 1965	339
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week-ending 13th February 1965	351

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

---

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1965

सं० 15-प्रेज/65—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शित अति असाधारण विशिष्ट सेवाओं के उपलक्ष्य में उनको विशिष्ट सेवा मंडल "प्रथम श्रेणी" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

मेजर जनरल करतार नाथ दूबे, (आई सी—6030), इंजीनियर्स।

ब्रिगेडियर शावक नस्वारनजी अंनिया, (आई सी—2130), सिगनल्स।

ब्रिगेडियर सैयद बाकर रज़ा, (आई सी—806), आर्टिलरी।

ब्रिगेडियर बद्री नाथ उपाध्यक्ष, (आई सी—2958), 9 गोरखा राइफल्स।

सं० 16-प्रेज/65—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शित असाधारण विशिष्ट सेवाओं के उपलक्ष्य में उनको विशिष्ट सेवा मेडल "द्वितीय श्रेणी" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

ब्रिगेडियर बिक्रम प्रकाश वधेरा (आई सी—434), इंजीनियर्स।

ब्रिगेडियर त्रिचीनोपोली वेदीवेल जेगानाथन, (आई सी 556), इंजीनियर्स।

ब्रिगेडियर कृष्ण चन्द सोनी, (आई सी—2053) इंजीनियर्स।

कर्नल सिडनी एलेक्जेन्डर पिन्टो, (आई सी—1038), इंजीनियर्स।

विंग कमांडर हरदयाल सिंह ढिल्लन, (3237), जी० डी० (पी०)।

स्क्वाड्रन लीडर करम सिंह (5132), तकनीकी इंजीनियरिंग।

स० 17-प्रेज/65—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियो द्वारा प्रदर्शित उच्चकोटि की विशेष सेवाओं के उपलक्ष्य में उनको विशिष्ट सेवा मेडल "तृतीय श्रेणी" प्रदान करने का अनुमोदन करते है :—

लेफ्टिनेन्ट कर्नल तरलोचन सिंह (आई सी—973) इंजीनियर्स।

विंग कमांडर खरबन्दा जय चन्द्र, (3445), तकनीकी इंजीनियरिंग।

मेजर मुनूस्वामी गोविन्द रेड्डी (आई सी—6350), इंजीनियर्स। (मरणोपरान्त)।

मेजर कृशन नन्दलाल बक्शी (आई सी—9851), इंजीनियर्स।

मेजर राम पाल सिंह (आ सी 2817), आई डी एस एम, 7 गार्ड्स।

लेफ्टिनेंट कमांडर रणजीत कुमार चौधुरी

फ्लाइट लेफ्टिनेंट जगमोहन सिंह विर्क (4437), जी डी (पी)।

फ्लाइट लेफ्टिनेंट तपीश्वर दत्त वशिष्ट (4500), जी डी (पी)।

जे सी—17509 जमादार लछमन सिंह, इंजीनियर्स।

स० 13598 एम डब्ल्यु ओ हरभजन सिंह रत्न, सिगनलर (एयर)।

सं० 11346 एम डब्ल्यू ओ विनफ्रेड सम्युल, फिटर-1.

स० 16943 डब्ल्यू ओ कृष्ण विट्ठल राव।

स० 18-प्रेज/65—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी असाधारण कर्तव्य-परायणता अथवा साहस के उपलक्ष्य में उनको "सेना मेडल" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. मेजर जयसिंह (आ सी—8088), आसाम राईफल्स।

अप्रैल 1964 में मेजर जयसिंह को एक विद्रोही नेता के छिपने के स्थान का पता लगाने तथा उस पर आक्रमण करने का कार्य सौंपा गया था। 20 व्यक्तियों सहित मेजर जयसिंह ने कठिन भूभाग तथा प्रतिकूल मौसम में चल कर उस स्थान का पता लगा लिया जो 200 विद्रोहियों द्वारा सुरक्षित था। उन्होने साहस पूर्वक अपने छोटे से दल के साथ उस छिपने वाले स्थान पर आक्रमण किया तथा उसके आधे भाग पर अधिकार कर लिया परन्तु ऊपर की भूमि से विद्रोहियों द्वारा वे दबा दिये गये। 13-14 अप्रैल की रात्रि तक युद्ध चलता रहा तथा उनके पास का गोला-बारूद कम होने लगा। इसलिए मेजर जयसिंह अपने साथियों के साथ गोलियों की बौछार के मध्य होते हुए आगे बढ़े तथा शेष भाग को कुछ हथियारों और गोला-बारूद सहित अपने अधिकार में कर लिया।

इस कार्यवाही में मेजर जयसिंह ने साहस एवं उच्च कोटि के नेतृत्व का परिचय दिया।

2. मेजर बालकृष्ण रामचन्द्र दास (आई सी—4553), 5/8 गोरखा राइफल्स।

मेजर दास को कम्पनी के एक कमान्डर के रूप मे एक दुर्गम और कठिन क्षेत्र में एक बड़े विद्रोही शिविर को नष्ट-भ्रष्ट करने का काम दिया गया था। 5-6 नवम्बर, 1963 की रात्रि को जब कि उनकी कम्पनी एक घने जंगल से गुजर रही थी तो यकायक अग्रिम प्लाटून पर एक विद्रोही सन्तरी ने गोली चलायी। यह अनुभव करते हुए कि विद्रोही शिविर निकट ही होगा, मेजर दास अपने प्लाटून को भागते हुए सन्तरी का पीछा करने के लिये आगे ले गये। लगभग दो सौ गज़ आगे जाने पर वह सुस्थित एवं गुप्त विद्रोही शिविर की भारी गोलाबारी के अन्दर आ गये। मेजर दास ने अपने अग्रवर्ती प्लाटून को साथ लेकर उस शिविर पर बिना किसी हिचकिचाहट के वार किया जिससे पांच विद्रोही मारे गये, बारह पकड़े गये तथा काफ़ी मात्रा में गोला-बारूद विस्फोटक और अन्य उपस्कर हाथ लगे।

इस साहसिक एवं निर्भीक कार्यवाही में मेजर घास ने साहस, दृढ़ संकल्प एवं उच्च कोटी के नेतृत्व का परिचय दिया।

3. मेजर शमशेर सिंह (आई सी—6712),
डोगरा रेजिमेंट।

फरवरी-मार्च, 1964 मे मेजर शमशेर सिंह एक डोगरा बटालियन की कम्पनी तथा एक राजस्थान सशस्त्र कान्स्टेबुलरी के सम्मिलित दल का जम्मू तथा काश्मीर में भारत तथा पाकिस्तान की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा के समीप कमान कर रहे थे। पाकिस्तानी अतिक्रमणकारियों को उस क्षेत्र पर अधिकार जमाने से रोकने के लिये मेजर सिंह ने अपने दल को खाइयां खोद कर उस क्षेत्र के बिल्कुल समीप अधिक प्रतिरक्षात्मक स्थिति में स्थापित किया, जिन्हें अतिक्रमणकारी लगातार निकट से अपनी दृष्टि में रख रहे थे।

5 मार्च 1964 को बिना किसी उत्तेजना के अतिक्रमणकारियों ने मेजर सिंह के दल पर हथगोलों, राइफलों, हल्की मशीन गनों, मक्षोली मशीन गनों तथा मार्टरों से ही नहीं अपितु 25 पौंड की गनों से विध्वंसक गोला बारी आरम्भ कर दी उन्होंने हमारी स्थिति पर आग लगाने वाले गोले तथा चमकदार गोलियां चलायीं जिससे निकट की घास-फूस तथा झाड़ियों में आग लग गयी। इससे पूर्व कि आग खाइयों तथा बारूद को नष्ट करे मेजर सिंह जो कि गोलाबारी के बीच में थे ने प्रत्युत्पन्न मति से अग्नि की लपटों के पहुंचने से पहले ही बीच मे एक खाई खोद दी जिससे एक भारी विवचि आने से बची। यह गोला-बारी रुक-रुक कर 11 मार्च तक चलती रही। इस समय के बीच, बहुत कम विश्राम लिये हुए मेजर सिंह भीषण गोलाबारी के मध्य एक खाई से दूसरी खाई तक जाते रहे तथा अपने अधीन दल के जवानों का उत्साह बढ़ाते रहे जिन्होंने उनके वीरतापूर्ण नेतृत्व से प्रेरित हो कर विद्रोहियों को उस क्षेत्र मे अधिकार जमाने से रोका।

इस कार्यवाही मे मेजर शमशेर सिंह ने साहस, नेतृत्व तथा उच्च कोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया जो भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल है।

4. कप्तान अमबहादुर गुरंग (एस आई—693)
3/8 गोरखा राइफल्स।

पाक्सितानी सेनाओं ने जम्मू तथा कश्मीर मे युद्ध विराम रेखा के दो सौ गज़ अन्दर आकर एक शक्तिशाली प्लाटून को जमा किया। यह क्षेत्र हमारी चौकियों पर अधिकार कर रहा था तथा हमारी टोह टुकड़ियों को परेशान कर रहा था। 22 सितम्बर 1964 को कप्तान गुरूंग को अपनी कम्पनी के साथ इस भयभीत स्थिति से निपटने के लिये नियुक्त किया गया। खराब भूमि की कठिनाइयों के होते हुए भी उन्होंने एक साधारण किन्तु बहुत ही प्रभावशील योजना बनाई और विद्रोहियों को पूर्णतः आश्चर्य में डाल कर उनकी गोलाबारी को शान्त कर दिया।

इस कार्यवाही में कप्तान गुरूंग ने साहस तथा उच्च कोटि के नेतृत्व का परिचय दिया।

5. कप्तान कंवर अजमेर सिंह (आई सी—13105),
3 जम्मू तथा काश्मीर राइफल्स।

जम्मू तथा काश्मीर में कप्तान कंवर अजमेर सिंह एक गश्ती दल के कमाण्डर थे जिस पर 21 तथा 22 सितम्बर, 1964 की रात्रि को पाकिस्तानी अतिक्रमणकारी के एक छिपे हुए दल ने गोलियां चलायीं। इस आमने-सामने होते हुए युद्ध के मध्य कप्तान सिंह अपने दल को निर्देश देते रहे तथा अपने जवानों को साहसपूर्वक युद्ध करने और शत्रु को नष्ट करने के लिए उनका उत्साहवर्धन करते रहे। उन्होंने विद्रोहियों को शान्त करने के लिये एक दल को भेजने में शीघ्र तथा सामयिक कार्यवाही की। उनकी युद्ध भावना तथा प्रेरक नेतृत्व के कारण ही उनके जवान उस घेरे को तोड़ने मे सफल हुए।

इस कार्यवाही में कप्तान कंवर अजमेर सिंह ने साहस एवं उच्च कोटि की नेतृत्व-शक्ति का परिचय दिया।

6. 2/लिफ्टिनेंट परषोत्तम कुमार प्राशर (आई सी—15074)
कोर आफ इंजीनियर्स (मरणोपरान्त)।

2/लिफ्टि० प्राशर कठिन और भयानक गंगटोक नतूला सड़क की प्रायोजना के निर्माण कार्य में लगे हुए थे। संकटों की उपेक्षा करते हुए वह वर्फ, वर्षा तथा कुहरे में उच्च स्थानों पर कार्य करते रहे तथा वह सदा अधिक भयानक कार्यों को स्वयं करते थे।

11 फरवरी 1964 को तीन भयानक पहाड़ियों को सड़क बनाने के लिये उड़ाना था। 2/लिफ्टि० प्राशर ने इन पहाड़ियों को उड़ाने के भयानक कार्य को स्वयं अपने हाथ में लिया। उन्होंने पहली दो पहाड़ियों को सफलतापूर्वक उड़ा दिया, किन्तु तीसरी पहाड़ी को उड़ा कर जब वह मलबे की जांच करने के लिए आगे गये तो एक अस्थाई खड़ी पहाड़ी अचानक गिर पड़ी और वह उसके नीचे दब गये तथा उनकी उसी स्थान पर मृत्यु हो गई।

2/लिफ्टि० परषोत्तम कुमार प्राशर, एक नवीन राजादिष्ट अधिकारी, ने साहस, नेतृत्व एवं उच्च कोटी की उदाहरणीय कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

7. जे सी—2195 सूबेदार मेजर रोशन,
9वीं बटालियन, डोगरा रेजिमेन्ट।

देर-एल-बलाह (संयुक्त अरब गणराज्य) में जमादार मदन लाल के कवार्टर में दिनांक 18 जनवरी, 1964 को साढ़े बारह बजे दिन में दोषयुक्त तेल उष्मक से आग लग गई और जमादार मदन लाल उसमें फंस गये। कमरा लकड़ी का बना था तथा द्वार पर जलते हुए ऊष्मक ने मार्ग अवरुद्ध कर दिया। उस स्थान पर पहुंचने वाले प्रथम अधिकारी सूबेदार मेजर रोशन थे जो कमरे में घुस गये और उन्होंने जलता हुआ ऊष्मक उठा कर बाहर फेंक दिया तथा जमादार मदन लाल को सुरक्षित बाहर ले आए। परन्तु स्वयं उनके मुख हाथ पैर बुरी तरह जल गए और वे बेहोश हो गए। उनकी शीघ्र कार्यवाही से जमादार मदन लाल के प्राणों की तथा संयुक्त राष्ट्र आपात सेना की बहुमूल्य सम्पत्ति की रक्षा हुई।

सूबेदार मेजर रोशन ने उदाहरणीय साहस, पहलशक्ति एवं प्रत्युत्पन्न मति का परिचय दिया है।

8. 91006 सूबेदार हरका बहादुर लिम्बू,
आसाम राइफल्स।

13/14 अप्रैल, 1964 की रात्रि को सूबेदार हरका बहादुर लिम्बू, जो आसाम राइफल्स की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे, ने कालम कमाण्डर के आदेश पर एक विद्रोही के छिपने के स्थान पर आक्रमण किया तथा आधे पर अधिकार कर लिया। शेष आधा भाग ऊंचे स्थान पर स्थित था जहां से विद्रोही हल्की मशीनगन तथा मार्टर से प्लाटून पर गोलाबारी करने लगे। रात्रि अंधेरी थी तथा बूंदें पड़ रही थीं। गोला बारूद कम हो रहा था तथा स्थिति विषम हो रही थी। सूबेदार लिम्बू अपने साथियों के साथ गोलियों की बौछार के मध्य होते हुए आगे बढ़े और छिपने के स्थान पर वार किया तथा शेष आधे को भी अधिकार में कर लिया। विद्रोही छः मरे हुओं को तथा कुछ गोला बारूद छोड़ कर भाग गये।

इस कार्यवाही में सूबेदार हरका बहादुर लिम्बू ने साहस तथा उच्च कोटि की नेतृत्व शक्ति का परिचय दिया।

9. जे सी—6194 सूबेदार करतार सिंह,
डोगरा रेजिमेंट।

सूबेदार करतार सिंह डोगरा बटालियन की एक प्लाटून की कमान संभाले हुए थे जिसे अन्य दो अनुभागो के साथ राजस्थान कान्स्टेबुलरी की सहायता के लिये जम्मू तथा काश्मीर में भारत तथा पाकिस्तान की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा पर तैनात किया गया था। पाकिस्तानी अतिक्रमणकारियों को रोकने तथा अपन

स्थिति का पता लगने से बचाने के लिये सूबेदार सिंह ने अनेकों वैकल्पिक स्थितियां बनायी तथा उनको गहरी सुरंग खाइयों से साथ परस्पर सम्बद्ध कर दिया।

5 से 11 मार्च, 1964 तक अतिक्रमणकारी सूबेदार करतार सिंह की स्थिति पर भारी गोलाबारी करते रहे। सूबेदार करतार सिंह अपने जवानों का उत्साह बढ़ाने के लिए एक स्थिति से दूसरी स्थिति तक जाते रहे। उनके उदाहरण द्वारा उत्साहित उनके जवानों ने अतिक्रमणकारियों पर ठीक गोलाबारी की और उनके अनेक मझोली मशीनगनों तथा मार्टरों की स्थितियों को शांत कर दिया।

समस्त कार्यवाही में सूबेदार करतार सिंह ने साहस, कर्तव्य परायणता तथा नेतृत्व का परिचय दिया जो भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप है।

10 9080042 जमादार उजागर सिंह
13 जम्मू तथा काश्मीर मिलीशिया।

जमादार उजागर सिंह जम्मू तथा काश्मीर की गुरेज़ घाटी में प्लाटून कमाण्डर के रूप में एक चौकी का कार्यभार सभाले हुए थे। 22 सितम्बर, 1964 को पाकिस्तानी अतिक्रमणकारियों ने उस चौकी पर आक्रमण कर दिया तथा निरन्तर हथगोलों तथा मझोली मशीनगन से गोलिया चलाते रहे। जमादार सिंह ने अपने जवानों को पीछे से युद्ध करने के लिए प्रेरित किया तथा उसके साहस द्वारा प्लाटून ने अतिक्रमणकारियों को भारी क्षति पहुंचा कर आक्रमण को विफल कर दिया।

इस कार्यवाही में जमादार उजागर सिंह ने साहस तथा उच्च कोटि की नेतृत्वशक्ति का परिचय दिया।

11 3131526 बटालियन हवलदार मेजर हर नन्द,
7वी बटालियन, जाट रेजिमेन्ट।

18 मई, 1964 को बटालियन हवलदार मेजर हर नन्द एक प्लाटून के द्वितीय कमाण्डर थे जिसे जम्मू तथा काश्मीर में युद्ध विराम रेखा से दो हजार गज़ भारतीय सीमा के अन्दर स्थित एक पाकिस्तानी जमाव को साफ करने का आदेश मिला था। यह स्थान दस हजार फुट से भी अधिक ऊचाई पर था तथा वहा पहुचने का मार्ग अत्यधिक दुर्गम और संकटमय था। बटालियन हवलदार मेजर हर नन्द ने स्वतः आगे चलने वाली टुकड़ी का कमान सभाल लिया तथा साढे पाच बजे प्रात. पचास गज़ तक घिसट कर सब से अगली खाई तक पहुंच कर एक पडे हुए लट्ठे के पीछे अपनी स्थिति को सभाल लिया अचानक एक पाकिस्तानी अतिक्रमणकारी एक खाई से बाहर आया और उसने उनकी ओर गोली चलायी। बटालियन हवलदार मेजर हर नन्द ने उत्तर में गोली चला कर उसे बुरी तरह आहत कर दिया। तब वह आगे बढ़े और खदक का द्वार ढक दिया तथा अपनी टुकडी को बायी ओर मुड़ने का आदेश दिया। उन्होंने एक और पाकिस्तानी को गोली चलाकर मार दिया जो कि खाई से निकल कर अपनी बन्दूक चलाने के लिये निशाना बाध रहा था। फिर भी एक और अतिक्रमणकारी खाई से बाहर निकला और भागा, जबकि उन्होने उस पर गोली चलायी।

इनके नेतृत्व से प्रेरित होकर उनके जवानों ने हथगोले फेंक कर खाई पर आक्रमण किया जिससे एक अतिक्रमणकारी मारा गया जो अन्दर से गोली चला रहा था। बटालियन हवलदार मेजर हर नन्द ने खाई के द्वारा को बन्द कर दिया जिससे उनको अन्य दो खाइयों से मिलने वाली कुमक बन्द हो गयी। तीन अतिक्रमणकारियों को मार कर तथा दो को आहत कर उन्होने तब अपनी टुकडी को आगे बढाया किन्तु उन्हे पता लगा कि अतिक्रमणकारी भाग चुके थे।

इस कार्यवाही में बटालियन हवलदार मेजर हर नन्द ने सेना की उच्चतम परम्परा के अनुकूल साहस, निश्चय तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

12. 5729733 हवलदार इन्दर सिंह थापा
गोरखा राइफल्स।

5 नवम्बर, 1963 को गोरखा राइफल्स की एक कम्पनी को एक सौ विद्रोहियों के एक शिविर का पता लगाने तथा उसे ध्वस्त करने का आदेश दिया गया था। हवलदार इन्दर सिंह थापा जो, अगले प्लाटून की कमान सभाले हुए थे, ने अपनी प्लाटून को शीघ्रता से आगे बढ़ाया ताकि काफी रस्ता अधरे में पूरा कर लिया जाय। हवलदार थापा ने शीघ्र ही उस क्षेत्र को खोज लिया तथा दो सौ गज़ आगे विद्रोहियों के शिविर का पता लगा लिया जो उन पर अधिकार कर लेने की स्थिति में थे। एक अनुभाग को शिविर की दाहिनी ओर जाने का आदेश दे कर हवलदार थापा स्वय दो अन्य अनुभागों के साथ पहाड़ी की बायी ओर बढ़े। विद्रोही, जिनके ऊपर अचानक अधिकार कर लिए गया था, ने अपनी स्थितिया सम्भाल ली तथा गोली चलाने लगे। हवलदार थापा का एक अनुभाग घिसट कर आगे बढा तथा उसने उत्तर में गोली चलायी जिससे तीन विद्रोही मारे गये तथा दो आहत हुए। उनके शीघ्र तथा अचूक गोली चलाने के कारण विद्रोही हतोत्साह होकर अपने अस्त्र-शस्त्र तथा सामान फेंक कर जगल में भाग गए। हवलदार थापा की प्लाटून ने छ विद्रोहियों को बन्दी बना लिया तथा शस्त्र, बारूद और कागज़ात अधिकार में कर लिये।

इस कार्यवाही में हवलदार इन्दर सिंह थापा ने साहस उथा उच्च कोटि की निश्चय-शक्ति का परिचय दिया।

13 1502534 हवलदार गणपत शिन्दे,
कोर आफ इंजीनियर्स।

हवलदार गणपत शिन्दे, जो कि उप सेक्टर कमाण्डर थे, तवाग में बोमडीला सड़क के एक भाग के बनाने में लगे हुए थे। 12 अक्तूबर 1961 को जब वह कुछ स्थानीय मज़दूरों के साथ पहाड़ी क्षेत्र में कार्य कर रहे थे तो उन्होंने देखा कि कुछ पहाड़िया मुख्य पहाड़ी से अलग हो रही है तथा भूमि स्खलन का अनुमान कर उन्होंने मज़दूरों को भागने का आदेश दिया। उनमें से एक फिसल कर गिर गया तथा छोटी-छोटी कुछ चट्टाने उसके ऊपर आ गयी। हवलदार शिन्दे शीघ्रता से उसे बचाने के लिए दौड़े, उसे वहा से निकाला तथा उसे भारी भूस्खलन के कुछ क्षणों के पूर्व ही उसे सुरक्षित स्थान पर ले आये।

इस कार्यवाही में हवलदार गणपत शिन्दे ने साहस तथा उच्च कोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

14 13713188 हवलदार दल बहादुर,
3 जम्मू तथा काश्मीर राइफल्स।

सितम्बर 1964 में जब जम्मू तथा काश्मीर में हमारी एक गश्ती टुकडी को पाकिस्तानी अतिक्रमणकारियों ने तीन ओर से घेर कर गोली चलाना आरम्भ कर दिया तो गश्ती टुकडी को निकालने के लिये अतिक्रमणकारियों की कम से कम एक स्थिति को समाप्त करना आवश्यक था। हवलदार दल बहादुर को चार अन्य के साथ गश्ती टुकडी की निकलने में रक्षा करने के लिये उनमें से एक स्थिति को उलझाये रखने का आदेश हुआ। अपने आदमियों के साथ उन्होंने स्थिति पर आक्रमण कर दिया तथा अनेक आक्रमणकारियों को हथगोलों तथा खुखरियों से मार दिया। जब उनका ब्रेन गनर आहत हो गया तो उन्होंने स्वय ब्रेन-गन को सम्भाल लिया तथा स्थिति पर गोली चलाना आरम्भ कर दिया। इस प्रकार उन्होंने पाकिस्तानी स्थिति को शांत कर दिया जिससे हमारी गश्ती टुकडी का निकलना सम्भव हो सका।

इस कार्यवाही में हवलदार दल बहादुर ने कर्तव्य परायणता तथा उच्च कोटि के साहस का परिचय दिया।

15 5734738 लांस हवलदार कुलप्रसाद गुरुग,
3/8 गोरखा राइफल्स।

22 सितम्बर 1964 को एक पाकिस्तानी बंकर जम्मू तथा काश्मीर मे हमारी एक स्थिति के लिए सकट बना हुआ था। यह बंकर, जिसमे एक ऊंची मशीन गन थी, प्रमुख स्थान पर स्थित था तथा वहा तक पहुचने का प्रयास करना महान सकट से परिपूर्ण था। लांस हवलदार कुलप्रसाद गुरुग घिसटते हुए आगे गये, एक हथगोला फेंका तथा दौड कर बंकर मे घुस गये और मशीनगन की नली पकड कर उसे घसीट लाये। उन्होंने एक पाकिस्तानी को, जिसने उन्हे रोकने का प्रयत्न किया, खुखरी से मार डाला।

इस कार्यवाही मे लांस हवलदार कुल प्रसाद गुरूग ने भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओ के अनुकूल सराहनीय साहस तथा कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

16 2435605 नायक बचित्र सिह,
पजाब रेजीमेंट। (मरणोपरान्त)

25 सितम्बर, 1962 को जब चीनियो ने हमारी एक स्थिति पर भारी गोलाबारी आरम्भ कर दी उस समय नायक बचित्र सिह पजाब रेजीमेंट की एक चिकित्सा प्लाटून के साथ कार्य कर रहे थे। एक एन०सी०ओ० गम्भीर रूप से आहत हो गया यद्यपि गोलियो की बौछार के कारण आगे जाना कठिन था तथापि नायक बचित्र सिह घिसट कर खुले मे आगे गये, शान्ति और निश्चयपूर्वक एन०सी०ओ० की मरहम पट्टी की और उसे सुरक्षित स्थान पर वापस लाये। जब हमारी एक चौकी नाथूला के पास पीछे हट रही थी तो वह अन्तिम बार 21 अक्तूबर, 1962 को यहा पर एक ज़खमी की मरहम पट्टी करते हुए देखे गये थे।

इन समस्त मुठभेडो मे नायक बचित्र सिह ने सदैव भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओ की अनुकूल साहस तथा कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

17 1506750 लास नायक इकबाल सिह,
कोर आफ इजीनियर्स। (मरणोपरान्त)

लास नायक इकबाल सिह नेफा में सड़क बनाने वाली एक पहाडी उडाने वाली टुकडी के इन्चार्ज थे। उनका कार्यक्षेत्र घने जगल मे था तथा वहा पर जोके थी। इस के साथ-साथ निवासस्थान, वस्त्र तथा खाद्य सामग्री की भी कमी थी।

4 मई 1961 को वर्षा से वहा भारी भूस्खलन हुआ तथा सामान पहुचाने का रास्ता रुक गया। मजदूरो को अधिक भूस्खलनो का भय हो गया तथा वह काम करने से मना करने लगे। चूकि रास्ते का साफ करना आवश्यक था इसलिए नायक इकबाल सिह स्वय मजदूर लेकर आगे बढ़े तथा अधिकतम भूस्खलन को साफ किया। जब वे अन्तिम बार चट्टान उडाने के लिए बारूद मे आग लगाने गये तो एक बहुत बडी चट्टान गिर पडी तथा वे घाटी मे बह गये। वे समीप के अस्पताल मे ले जाये गये किन्तु गहरी चोटो के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही मे लास नायक इकबाल सिह ने भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओ के अनुरूप उदाहरणीय साहस तथा कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

18 2544334 लास नायक पाप्पू पिल्लई नादर,
मद्रास रेजिमेंट।

लास नायक नादर एक प्लाटून के लीडिंग कमाण्डर थे जिसे नागालैंड तथा मणिपुर की सीमा पर एक कुख्यात विद्रोही डेरे को समाप्त करने का कार्यभार सौपा गया था। दो दिन कठिन भूभाग तथा वर्षा मे चल कर जब प्लाटून विद्रोही कैम्प के पास पहुचा तो विद्रोहियो ने पास से गोली चलाना आरम्भ कर दिया। लास नायक नादर एक ब्रेनगन लेकर आगे दौडे तथा उन पर धावा बोल दिया। इसमे तीन विद्राही मारे गये और कुछ हथियार, गोला बारूद और मूल्यवान कागजात हाथ लगे।

लास नायक पाप्पू पिल्लई नादर ने स्थिर साहस, पहल तथा उच्च कोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

19 47396 राइफलमैन हरका बहादुर राय,
आसाम राइफल्स।

आसाम राइफल्स की एक टोह प्लाटून को मणिपुर तथा नागालैंड सीमा पर स्थित एक ग्राम मे कुछ विद्रोहियो को रोकने के लिए भेजा गया। अधेरी रात्रि मे लम्बी तथा कठिन मार्ग के बाद जब टोह टुकडी एक झोपडी के पास पहुची तो एक विद्रोही सतरी ने निकट से गोली चला दी। राइफलमैन हरका बहादुर राय ने सतरी पर आक्रमण कर दिया, उसकी भरी राइफल छीन ली तथा एक अन्य विद्रोही को, जो उनकी टुकडी के एक सदस्य के ऊपर निशाना लगा रहा था, मार डाला। उनकी टुकडी ने चार विद्रोहियो को मार डाला तथा कुछ हथियार, गोला बारूद और मूल्यवान कागजात को अपने अधिकार मे कर लिया। उच्च कोटि की राइफलमैन हरका बहादुर राय ने साहस तथा कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

20 5740093 राइफलमैन तोपबहादुर राणा,
गोरखा राइफल्स।

5 नवम्बर 1963 को गोरखा राइफल्स बटालियन की एक कम्पनी को लगभग एक सौ विद्रोहियो के एक शिविर का पता लगाने तथा उसे ध्वस्थ करने का आदेश हुआ। जब कम्पनी रात भर चलने के उपरान्त शिविर के क्षेत्र के पास पहुंची तो वहा दोनो ओर से गोलो का चलना आरम्भ हो गया। स्काउट राइफलमैन तोपबहादुर राणा उनके अनुभाग के कमाण्डर तथा एक और राइफलमैन ने विद्रोहियों की एक टुकडी का पीछा किया तो अचानक उन पर एक नाले के दूसरे किनारे के एक ऊचे स्थान से गोलिया चलायी जाने लगी। गोली चलते समय पाच विद्रोही नाले के किनारे पर चढ़ने का प्रयत्न कर रहे थे। राइफलमैन राणा ने गोलियो के मध्य दौड कर उन पर आक्रमण कर दिया तथा उन मे से दो को अपनी खुखरी से मार दिया। इस साहसिक कार्यवाही से वे विद्रोही, जो अपने साथियों की रक्षार्थ गोली चला रहे थे, हतोत्साह हो गये और भाग गये। राइफलमैन राणा की साहसपूर्ण कार्यवाही से अनुभाग कमाण्डर तथा दूसरे राइफलमैन के प्राणों की रक्षा हुयी।

इस कार्यवाही मे, राइफलमैन तोपबहादूर राणा ने साहस तथा उच्च कोटि की निश्चय शक्ति का परिचय दिया।

21 9093390 सिपाही अमीर हमज़ा शाह,
13 जम्मू तथा काश्मीर मिलीशिया (मरणोपरान्त)

सिपाही अमीर हमज़ा शाह जम्मू तथा काश्मीर की घाटी मे एक चौकी पर अपने अनुभाग के ब्रेन गनर थे। 22 सितम्बर, 1964 को पाकिस्तानी अतिक्रमणकारियो द्वारा किये गये भीषण आक्रमण के मध्य सिपाही शाह ने अपनी ब्रेनगन को चलाना जारी रखा तथा जब उनकी ब्रेन गन दु ख देने लगी और रुक गयी तो महान प्रत्युत्पन्न गति के साथ उन्होने उसे पुन. चलाना आरम्भ किया। उनको उपद्रवियो की एक गोली लगी परन्तु वह उस समय तक गोली चलाते रहे जब तक कि दूसरी गोली लगने से उनकी मृत्यु नही हो गयी। उनके वीरतापूर्ण कार्य से शत्रु को भीषण गोलाबारी से उनकी स्थिति की सुरक्षा हुयी।

सिपाही अमीर हमज़ा शाह ने महान साहस, दृढ़ सकल्प तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

स० 19-प्रेज/65—राष्ट्रपति, निम्नाकित व्यक्तियों को उनकी असाधारण कर्त्तव्य परायणता अथावा साहस के उपलक्ष्य मे उनको "नौ सेना मेडल" प्रदान करने का अनुमोदन करते है —

1. कमाडर क्राइटन मलकाम रेली

अप्रैल 1964 में नौसेना को बम्बई से पोर्ट ब्लेयर तक एक छोटा मोटर जलयान पहुंचाने का काम सौपा गया था। यह जलयान अन्तरस्थलीय जल परिवहन के लिये बनाया गया था तथा शान्त मौसम मे भी वह समुद्री यात्रा के लिये अनुपयुक्त था।

दिक्चालन साधन पुराने थे तथा जलयान पूरे सामान से सुसज्जित भी न था। यहां तक कि वह लम्बी समुद्री यात्रा के लिये प्राथमिक सुविधाओ से भी युक्त न था। अप्रैल तथा मई में मानसूनो के अधिक हो जाने के मध्य, बम्बई से अण्डमान तक उसे ले जाने का काम बहुत ही कठिन था।

कमाण्डर रैली ने इस काम के लिये स्वय को अर्पण किया और 3 अफसरो और 25 जवानो को लेकर बम्बई से जलयात्रा आरम्भ की। समस्त यात्रा में उनका बेड़ा खराब मौसम, तूफानी समुद्र और मशीनरी के खराब होते रहने के विरुद्ध कार्यरत रहा। यह छोटा जलयान कभी-कभी उलटते-उलटते बचा और एक बार तो उसे मरम्मत के लिये वापस तट पर ले जाना पड़ा। एक बार स्थिति इतनी खराब हो गयी थी कि ऐसा विचार किया जाने लगा कि कर्मिदल को दूसरे बड़े जलयान में भेज दिया जाय और उस जलयान को बड़े जलयान के साथ रस्सी से बाध कर अरक्षित रखा जाय। कमाण्डर रैली ने इस सुझाव को अस्वीकार कर दिया और वह उस जलयान को लेकर चले और अन्त मे उसे निर्दिष्ट स्थान पर सुरक्षित ले आये।

कमाडर रैली ने भारतीय नौसेना की उच्चतम परम्पराओ के अनुकूल प्रशसनीय साहस और कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

2. लैफ्टिनेन्ट राजेन्द्र सिह ग्रेवाल, भारतीय नौसेना जहाज, विक्रान्त।

24 फरवरी 1964 को 19—30 बजे जब भारतीय नौसेना जहाज़ विक्रान्त कोलम्बो के दक्षिण-पश्चिम दिशा मे 60 मील की दूरी पर था लैफ्टिनेन्ट ग्रेवाल एक एलीज वायुयान को लेकर उड़े। उड़ने के तुरन्त बाद ही वायुयान की सारी विद्युत व्यवस्था खराब हो गई जिसके परिणामस्वरूप चालक स्थान मे रोशनी या क्षितिज संकेत न रहा। लैफ्टिनेन्ट ग्रेवाल किसी भी यन्त्र को पढने मे समर्थ न हो सके और ना ही विमान वाहक या अन्य किसी भी हवाई स्टेशन के साथ सम्पर्क स्थापित कर सके। कुशल वायु सैनिक की तरह वह वायुयान को उडाते चले गये और सीलोन के एक हवाई क्षेत्र के ऊपर पहुच गये तथा हवाई क्षेत्र मे दौड-पथ दिखाने के लिये किसी सकेत एव उतरने के प्रकाश बिना भी वह सुरक्षित नीचे उतर आये जब उन्हे यह आभास हुआ कि नीचे दौड-पथ पर एक दूसरा वायुयान है, उन्होने अपने वायुयान पर इतनी जोर से ब्रेक लगाया कि उसके चारो टायर फट गये। इसके बावजूद भी उन्होने वायुयान को अपने नियन्त्रण मे रखा और सुरक्षित स्थान पर उसे उतारा ? लैफ्टिनेन्ट ग्रेवाल के उत्साह और कौशल को ही इस बात का श्रेय है अन्यथा वह वायुयान अपने हवाई कर्मियों के साथ खो गया होता।

लैफ्टिनेन्ट राजेन्द्र सिह ग्रेवाल ने भारतीय नौसेना की उच्चतम परम्पराओ के निर्वहन मे शान्त स्वभाव एव साहस का परिचय दिया।

3 सब-लैफ्टिनेन्ट (एस डी) (टी० ए० एस०) नारायणन् श्रीधरन नायर।

दिसम्बर 1963 मे हीराकुड बाध के अधिकारियो की शीघ्र प्रार्थना पर सब-लैफ्टिनेन्ट नायर की कमान के अधीन एक गोताखोर टीम छिप्पलिमा पावर हाउस भेजी गई। उसके ड्राफ्ट ट्यूब गेटो को सील करना था ताकि टर्बाइन कूप से पानी बाहर निकाला जा सके और दोषयुक्त टर्बाइन यूनिट को बदला जा सके। पानी की तेज धारा और भवर पैदा होने के कारण यह काम और भी कठिन हो रहा था। सामान्य स्थिति मे तो यह काम तभी आरम्भ किया जाना था जब कि पावर हाउस को बिल्कुल बन्द कर दिया जाता। अत्यन्त भयकर परिस्थिति के होते हुए भी सब-लैफ्टिनेन्ट नायर ने एक साहसी निर्णय किया और गेट के एक कोने से रस्सी की सहायता से गोताखोरी का काम आरम्भ किया। उनके निरीक्षण में टर्बाइन कूप में से पानी बाहर निकाला गया और दोषयुक्त टर्बाइन यूनिट को बदला गया।

जनवरी 1964 मे तुगभद्रा बांध अधिकारियो ने पावर हाउस मे एक और टर्बाइन यूनिट को चालू करने के लिये गोताखोरी सहायता मांगी। सब-लैफ्टिनेन्ट नारायणन् श्रीधरन नायर ने पेनस्टाक गेट और ड्राफ्ट ट्यूब गेट को खोलने के लिये काफी गोताखोरी का काम किया और 95 फुट तक की गहराई तक ध्वस करने के लिये पेन-स्टाक गेट के अन्तर्जलीय गाइड पट्टियो का निरीक्षण किया और सारे काम को बहुत जल्दी ही पूरा कर दिया।

एक और अवसर पर उन्होने तुगभद्रा मे सिचाई नहर के नकली गेट को हटाने के लिये पानी के अन्दर काटने और ढालने का काम किया तथा पैनस्टाक गेट पट्टियो की खराबियो को दूर करने का काम किया। उन्होने जान-बूझ कर सकट मे पड़कर विपरीत मौसम मे गैस नकाब की सहायता से गोते लगाने का तथा द्वार को हटाने का काम हाथ में लिया।

इन समस्त कार्यवाहियो मे सब-लैफ्टिनेन्ट नारायणन् श्रीधरन नायर ने जिस साहस, नेतृत्व एव कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया वे भारतीय नौसेना की उच्चतम परम्पराओ मे से हैं।

4 चीफ पेटी अफसर (जी आई) राम नाथ (ओ० न० 39908)

3 मार्च 1964 को नौसेना गैरिसन की न० 1 लडाकू प्लाटून को अण्डमान और निकोबार के कुछ छोटे द्वीपसमूहो का प्रारम्भिक सर्वेक्षण कार्य पर लगाया गया था। लगभग 19—30 बजे इस प्लाटून के हैडक्वाटर ने अपने एक सैक्शन से एस० ओ० एस० सिगनल प्राप्त किया। चीफ पेटी अफसर राम नाथ को एक स्थानीय नाव लेकर घटनास्थल पर शीघ्र पहुचने के लिये कहा गया। वहा पहुचने पर उन्होने देखा कि कुछ नाविक कमर तक के पानी मे दल-दल मे फसे हुए है तथा वे वहा से बाहर निकलने में असमर्थ है। पूर्ण अन्धकार था तथा ज्वार बहुत तेजी से बढ़ रहा था और दल-दल में फसे हुए व्यक्तियों का डूब जाने का बडा भय था। चीफ पेटी अफसर रामनाथ ने एक छोटी नाव पकडी और दल-दल मे फसे आठ व्यक्तियो का उद्धार किया। इस काम को करते हुए दो बार उनकी नाव उलट गई थी परन्तु प्रत्येक अवसर पर उन्होने नाव को सही दशा मे लाकर उसमे से पानी बाहर निकाला और उद्धार कार्य को जारी रखा। यद्यपि नाव बहुत छोटी थी और उसमे केवल दो व्यक्ति ही आ सकते थे तथापि उन्होने शेष व्यक्तियो को नाव के दोनो ओर लटकाते हुए बडी कुशलता के साथ नाव को सुरक्षित स्थान मे ले जाने मे सफलता प्राप्त की।

चीफ पेटी अफसर राम नाथ ने जिस साहस एव कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया वे भारतीय नौसेना की उच्चतम परम्पराओ मे से है।

5 लीडिंग सीमैन हरीश सिह बिष्ट (ओ० न० 46991)

दिसम्बर 1963 मे हीराकुड के अधिकारियो की प्रार्थना पर छिप्पलिमा बिजली घर को एक गोताखोर टीम भेजी गयी। इसको ड्राफ्ट ट्यूब गेटो को सील करना, टर्बाइन कुये से पानी निकालना, और दोषपूर्ण टर्बाइन यूनिट को बदलने का काम करना था। पहले तो बाध अधिकारियो ने काम आरम्भ किया परन्तु वे टर्बाइन कुए का पानी बाहर नही निकाल सके क्योकि द्वार 30 फुट तक सुरग के अन्दर गया हुआ था और वहां पानी में तेज तरंगें और भंवर उठ रहे थे। सामान्य स्थिति मे यह काम तभी किया जाता जब कि बिजली घर को पूरी तरह

से बन्द किया जाता । लीडिंग सीमैन विष्ट ने इस कार्य के लिये स्वयं को अर्पित किया और रस्सी की सहायता से वहां पहुंच कर उन्होंने द्वार को सील किया ।

पुन तुंगभद्रा बांध को भेजे गये एक टीम के सदस्य के रूप मे उन्होंने पानी के नीचे गाइड पट्टियों का निरीक्षण करने, पैन-स्टाक गैट और 95 फुट की गहराई तक के ड्राफ्ट ट्यूब गेटों को खोलने के लिये गोते मारे। उन्हे कोयना बांध मे पानी के नीचे निरीक्षण करने और अवरोधों को दूर करने के लिये भी भेजा गया ।

मई-जून 1964 में गोताखोर दल के एक सदस्य के रूप मे उन्हे तुंगभद्रा बांध में एक सिंचाई नहर के नकली गेटों को हटाने के लिये, अन्तर्जलीय कटाव तथा झालने का काम करने के लिये और पैन-स्टाक गेट गाइड पट्टियों की खराबियों को दूर करने के लिये भेजा गया, लीडिंग सीमैन विष्ट ने एक गैस नकाब पहिन कर विपरीत मौसम होने पर भी गोताखोरी का कार्य किया और गेट पर लगे हुए कुण्डों को काट कर उसे वहां से हटाया ।

इन समस्त कार्यवाहियों में लीडिंग सीमैन हरीश सिंह विष्ट ने जिस साहस, दृढ़ निश्चय तथा साधन सम्पन्नता का परिचय दिया वे भारतीय नौसेना की उच्चतम परम्पराओं मे से है ।

6. एवल सीमैन सुनिल कुमार चटर्जी (ओ० सं० 45227) गोताखोर 2

अगस्त 1964 में गुजरात विद्युत बोर्ड ने बड़ौदा के पास एक थर्मल पावर स्टेशन में पानी पहुंचने में रुकावट पैदा करने वाले बहुत से शीट पायलों को हटाने के लिये एक नौसैनिक गोताखोर दल की सहायता मांगी । इस काम को करने के लिये पानी के अन्दर पड़े हुए बहुत से शीट पायलो को हटाने के लिये अक्सीजन आर्क अन्डर वाटर कटर का प्रयोग करने की आवश्यकता थी । इस काम को जल्दी करने के लिये बहुत सा काम अन्धेरे मे करने की आवश्यकता थी क्योकि उस स्थिति मे ज्वार भाटीय स्थिति उसके लिये अनुकूल थी ।

एवल सीमैन गोताखोर चटर्जी ने इस काम के लिये स्वयं को अर्पित किया । यद्यपि आक्सीजन आर्क और अन्डर वाटर कटर मे उन्हें बहुत बार बिजली के धक्के लगे तथापि वे पूर्ण दृढ निश्चयता से लगातार काम करते रहे । कभी-कभी अच्छी तरह देखा भी नही जाता था और टार्च के कटिंग फ्लेम को देखना भी उनके लिये कठिन था ।

इन सब कठिनाइयों के बावजूद भी एवल सीमैन गोताखोर सुनिल कुमार चटर्जी ने बहुत जल्दी ही इस काम को पूरा किया तथा पावर स्टेशन पूरी तरह से काम करने लगा ।

एवल सीमैन सुनिल कुमार चटर्जी ने साहस तथा उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

7. ए वी (यू सी 3) गजानन भीकाजी अभयकर (ओ० सं० 49267)

27 फरवरी 1964 को लगभग 1600 बजे एक अग्रिम टोह दल भारतीय नौसेना जहाज अक्षय से एक प्रहार नौका की सहायता से ग्रेट निकोबार टापू के कसुरिना खाड़ी में प्रारम्भिक टोह कार्य के लिये उतरी । अपने कार्य के पूर्ण हो जाने पर जब दल अपने उतरने वाले स्थान पर वापस आया तो देखा कि तट में अधिक झाग और भग्नोमिया थी । उन्होने उससे बचने के लिये तीन बार प्रयास किया परन्तु प्रत्येक बार नौका उलट गयी एवं समस्त व्यक्ति तट मे फस गये । जब अन्धकार हो जाने पर भी वे लोग वापस नहीं आये तो सकटग्रस्त व्यक्तियों की रक्षार्थ भारतीय नौसेना ने एक नौका भेजी । उस बचाव नौका को तट से कुछ अन्तर पर लंगर डालकर उन भग्नोमियों और महातरंगों को हटाना था । शार्कों से युक्त तथा झाग एवं भग्नोमियों से पूर्ण जल की चिन्ता न करते हुए एवल सीमैन अभयंकर बचाव नौका तक तैर कर गये तथा कुछ बचाव दल के साथ वह उस स्थान पर तैर कर गये जहां पर संकटग्रस्त व्यक्ति उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे । बचाव नौका के साथ एक रस्सी स्थापित की गयी और सभी कर्मचारियो, उपकरणों एवं प्रहार नौका को भग्नोमियों को हटाते हुए सुरक्षित स्थान पर लाया गया ।

यह नवयुवक नाविकतट के बचाव नौका तक तैर कर आये और एक से अधिक वार वापस गये और उस समय तक बिना चैन लिये बचाव कार्य करते रहे जब तक कि समस्त टोह दल सुरक्षित स्थान पर न लाया गया ।

एवल सीमैन जगानन भीकाजी अभयंकर ने जिस साहस, सहन शक्ति एवं कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया वह भारतीय नौसेना की उच्चतम परम्पराओं में से है ।

स 20-प्रेज/65—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी असाधारण कर्त्तव्यपरायणता अथवा साहस के उपलक्ष्य मे उनको "वायु सेना मेडल" प्रदान करने का अनुमोदन करते है :—

1 विंग कमाडर भूपिन्द्र सिंह (3025), जी० डी० (पी) ।

विंग कमांडर भूपन्दिर सिंह जो कि एक अनुभवी पाईलट है इस समय एक लड़ाकू जेट स्क्वाड्रन की कमान कर रहे हैं । उन्हे नाट हवाई जहाज से ऊंचाई पर परीक्षणात्मक उड़ान करने का कार्यभार सौपा गया था । ऊंचाई पर हवाई जहाज की प्रतिक्रियाओं के उचित आंकड़ों के उपलब्ध न होने के कारण कार्य बहुत ही दुश्कर था । इन सब बाधाओं के होते हुए भी विंग कमांडर सिंह ने साहस तथा व्यवसायिक कुशलता से एक बहुत ही ऊंचे स्थान तथा दुर्गम पहाड़ी भूप्रदेश में स्थित हवाई अड्डे से परीक्षणात्मक उड़ानें कीं । इस प्रकार जो विवरण परीक्षण के उपरान्त एकत्रित किये गये उनका भविष्य में पश्चिमी भाग में युद्ध सम्बन्धी सैक्रियाओं पर बहुत गहरा प्रभाव रहेगा । लद्दाख के एक ऊंचे हवाई अड्डे पर से जेट फाइटर की संक्रिया भारतीय वायु सेना के इतिहास में एक विशेष स्थान रखेगी ।

विंग कमांडर भूपिन्दर सिंह ने साहस तथा उच्च श्रेणी की जिस व्यवसायिक कुशलता का प्रदर्शन किया वह भारतीय वायु सेना की उच्चतम परम्परा के अनुकूल है ।

2. स्क्वाड्रन लीडर आशातीत चकवर्ती (3662) जी० डी० (पी) ।

स्क्वाड्रन लीडर चक्रवर्ती अगस्त 1961 से जम्मू तथा काश्मीर क्षेत्र में संक्रियात्मक परिवहन सहायता के कार्य में लगे हुए है । उन्होंने 6018 घन्टे की उड़ानें कीं जिस में 1023 घन्टे की संक्रियात्मक उड़ानें भी है । उन्होंने अग्रिम क्षेत्र में अनेकों अवतरण किये तथा संसार के एक सब से ऊंचे हवाई अड्डे में उतरने वाले यह सर्व प्रथम थे । अपने घाटियों के विषय में विस्तृत ज्ञान के कारण उन्होंने अनेकों जूनियर वायुयान चालकों को अग्रिम क्षेत्रों में उड़ने के विषय में आदेश दिये ।

समस्त संक्रियात्मक उड़ानों में स्कवाड्रन लीडर आशातीत चकवर्ती ने साहस, व्यवसायिक कुशलता तथा उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

3. स्क्वाड्रन लीडर गुरदीप सिंह (3944), जी० डी० (पी) ।

स्क्वाड्रन लीडर गुरदीप सिंह लद्दाख में एक परिवहन यूनिट के फ्लाईट कमाडर है । अपात समय की घोषणा के पश्चात प्रशासनिक उत्तरदायित्वों के साथ-साथ उन्होंने अपने अधीन पाईलटों की उड़ानें लेने के पूर्व स्वयं अनेकों कठिन उड़ानें कीं अभी तक उन्होंने 4,000 घण्टों से भी अधिक उड़ानें की हैं जिसमें 1200 घन्टों की अग्रिम क्षेत्र की उड़ानें भी हैं । उन्होंने अग्रिम स्थानों पर अनेकों सम्भरण उड़ानें भी कीं ।

स्क्वाड्रन लीडर गुरदीप सिंह उन अनुभवी पाईलटों में से हैं जिन्होंने 1962 और 1963 में चुशूल तथा लेह में टैंकों को पहुंचाया। हाल में जब एक वायुयान लेह में इंजन की खराबी के कारण पड़ा था वह उसे उस क्षेत्र में से ले आये। उन्होंने अपने स्क्वाड्रन में प्रशिक्षक अफसर का काम भी किया और असाधारण सफलता प्राप्त की।

समस्त कार्यवाही में स्क्वाड्रन लीडर गुरदीप सिंह ने भारतीय वायु सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल उच्च स्तर की व्यवसायिक कुशलता एवं कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

4. स्क्वाड्रन लीडर कृष्णास्वामी सुब्रामनियन (4213), जी० डी० (एन)।

स्क्वाड्रन लीडर सुब्रामनियन एक भारी परिवहन स्क्वाड्रन के नेवीगेटर लीडर हैं। उन्होंने 4650 घन्टो की उड़ानें की है जिस में 1143 घन्टों की आपनकालीन संक्रियात्मक उड़ानें भी हैं। उन्होंने जूनियर नेवीगेटरों को प्रशिक्षित किया तथा कठिन उड़ानों के लिये स्वयं को अर्पित किया।

2 जून 1962 को जब स्क्वाड्रन लीडर सुब्रामनियन सामान गिराने के कार्य में लगे थे, एक पैराशूट वायुयान में ही खुल गया जिसके कारण वायुयान की ऊंचाई को कायम रखना कठिन हो गया। शांति के साथ उन्होंने तुरन्त आपत निष्काशन का उपयोग किया तथा किसी प्रकार का समय नष्ट किये बिना सारा सामान गिराया।

अक्तूबर 1962 में उनका वायुयान चीनी सैनिको की भीषण गोलाबारी में आ गया। निर्भीक होकर उन्होंने अपनी स्थिति को सम्भाला तथा उच्च अधिकारियो को अति आवश्यक सूचनायें दी जो कि कमांडरों के लिये अति मूल्यवान सिद्ध हुई।

समस्त कार्यवाहियों मे स्क्वाड्रन लीडर कृष्णास्वामी सुब्रामनियन ने जिस उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता, साहस तथा व्यवसायिक कुशलता का परिचय दिया है वह भारतीय वायु सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुकूल है।

5. स्क्वाड्रन लीडर रथीन्द्र कुमार बसु (3968), जी० डी० (पी)।

स्क्वाड्रन लीडर बसु अप्रैल 1961 से जम्मू तथा काश्मीर क्षेत्र की भारी परिवहन स्क्वाड्रन के उड़ान अधिकारी हैं। उन्होंने 4900 घन्टे की उड़ानें की है जिसमें 1400 घन्टे की संक्रियात्मक उड़ानें भी है। उन्होंने 300 संक्रियात्मक सम्भरण मिशनों में भी भाग लिया और 200 बार लेह और चुशूल जैसे उच्च स्थलों पर अवतरण किया।

स्क्वाड्रन लीडर बसु को अपनी टुकडी के नये वायुयान चालकों को अग्रिम क्षेत्रों मे परिचायक संक्रियात्मक परीक्षण देने का कार्यभार सौपा गया था तथा उन्होंने अपनी कठिन कार्यक्षमता और उच्च व्यवसायिक कुशलता के कारण उसे सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उन्होंने कठिन और बड़े कार्य के लिये सदा अपने आपको अर्पित किया और इस प्रकार अपने अधीनस्थ व्यक्तियों के सम्मुख सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत किया।

स्क्वाड्रन लीडर रथीन्द्र कुमार बसु ने साहस, नेतृत्व तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

6. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट पुरुषोत्तम लक्ष्मीकान्त पुरोहित (4581) जी० डी० (पी)।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट पुरोहित 1957 से जम्मू तथा काश्मीर में वायु परिवहन सम्भर संक्रियाओं में संलग्न हैं। उन्होंने इस क्षेत्र में लगभग 1000 घन्टे की संक्रियात्मक उड़ानें की है।

अप्रैल 1962 में जब उनका स्क्वाड्रन उस क्षेत्र से जाने लगा तो फ्लाइट लेफ्टि० पुरोहित ने आने वाले स्क्वाड्रन को अपने विस्तृतज्ञान का लाभ देने के लिये अपने आप को स्थानान्तरण के लिये अर्पित किया। अपने संक्रियात्मक दौरों के अन्तर्गत उन्होंने भारी सामान लेकर अग्रिम क्षेत्रों में 160 उड़ानें की। वह दूसरे कर्मियों के लिये सदैव प्रेरणा के स्रोत थे।

समस्त कार्यवाहियों मे फ्लाइट लेफ्टि० पुरुषोत्तम लक्ष्मीकान्त पुरोहित ने साहस, पहल तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

7. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट अमर जीत सिंह सन्धू (4705), जी० डी० (पी)।

10 मार्च 1964 को जब फ्लाइट लेफ्टि० सन्धू नाट वायुयान के एक संगठन मे उड़ान कर रहे थे उन्हे अनुभव हुआ कि इंजन मे अग्नि भड़कने के साथ-साथ विद्युत पूर्णतया बन्द हो गई और पिछले तल की संक्रिया का ह्रास हो गया है। इस विषम स्थिति में उनके सम्मुख स्वयं को निकाल कर जहाज को छोड़ देने के अथवा वायुयान का शीघ्र तत्क्षण अवतरण "डेड स्टिक" करने के अतिरिक्त और मार्ग न था। आवश्यक शक्तियों के ह्रास होने पर भी उन्होंने बहुमूल्य वायुयान को नष्ट होने से बचाने के लिये बाद का मार्ग अपनाया।

